इयरो वि समुद्दत्तो देसंतराणि हिंडिऊण केणइ कालेण आगओ गिरिनयरं कप्पडियवेसछण्णो परूढनह–केस–मंसु–रोमो। दिट्ठो णेण धणसत्थवाहो आरामगओ। तओ तेणं पणमिऊण भणिओकृ"अहं तुब्भं आरामकम्मकरो होमि।" तेण य भणिओ–"भणसु, का ते भत्ती दिज्जउं" त्ति? तओ तेण भणियं– "न मे भइए कज्जं। अहं तुज्झ पसादाभिकंखी। मम तुट्ठीदाणं देज्जह" त्ति। एवं पडिस्सुए आरामे कम्मं आरद्धो काउं।

तओ सो रुक्खाउव्वेयकुसलो तं आरामं कइवएहिं दिवसेहिं सव्वोउय–पुप्फ–फल–समिद्धं करेइ। तओ सो धणसत्थवाहो तं आरामसिरिं पासिऊणं परं हरिसमुवगओ। चिंतियं च णेणंकृ"किमेएणं गुणाइसयभूएण पुरिसेण आरामे अच्छंतेण? वर मे आवारीए अच्छउ" त्ति। तओ ण्हवियपसाहिओ दिण्णवत्थजुयलो ठवियो आवणे। तओ तेण आय–वयकुसलेणं गंधजुत्तिनिउणत्तणेण पुरजणो उम्मत्तिं गाहिओ। तओ पुच्छिओ जणेणं–'किं ते नामधेयं?' पभणइ य–'विणीयओ त्ति मे

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

नामधेयं।' एवं सो विणीयओ विणयसंपन्नो सव्वनयरस्स वीससणिज्जो जाओ। तओ तेण सत्थवाहेण चिंतियं–"न खेमं मे एस आवणे य अच्छंतो। मा एस रायसंविदितो हवेज्ज, ततो राएण हीरइ त्ति। वरमेस गिहे भंडारसालाए, अच्छंतो।" तओ तेण सगिहं नेऊण परियणं च सद्दावेऊण भणियं–"एस वो विणीयओ जं देइ तं भे पडिच्छियव्वं, न य से आणा कोवेयव्व" त्ति। तओ सो विणीयओ घरे अच्छइ, विसेसओ य धणसिरीए जं चेडीकम्मं तं सयमेव करेइ। तओ धणसिरीए विणीयओ सव्ववीसंभट्ठाणिओ जाओ। तत्थ य नगरे रायसेवी एक्को डिंडी परिवसइ। इओ य सा धणसिरी पुव्वावरण्हसमए सत्ततले पासाए अट्टालगवरगया सह विणीयगेणं तंबोलं सांमणयंती अच्छइ। सो य डिंडी ण्हाय–समालद्धो तस्स भवणस्स आसण्णेणं गच्छइ। धणसिरीए तंबोलं निच्छूढं पडियं डिंडिस्सुवरि। डिंडिणा निज्झाइया य, दिट्ठा य णेणं देवयभूया। तओ सो अणंगवाणसोसियसरीरो तीए समागमुस्सुओ संवुत्तो। चिंतियं च णेणं–"एस विणीयओ एएसिं सव्वप्पवेसी, एयं उवतप्पामि। एयस्स पसाए एईए सह समागमो भविस्सइ" त्ति। तओ अण्णया तेण विणीयओ नियगभवणं नीओ। पूया–सक्कारं च काउं पायपडिएण विण्णविओ–'तहा चेट्ठसु, जेण मे धणसिरीए सह संजोगं करेसि' त्ति। तओ सो 'एवं होउ' त्ति। वोत्तूण धणसिरीए सह सगासं गओ। पत्थावं च जाणिऊण भणिया णेणं धणसिरी डिंडिवयणं। तओ तीए रोसवसगयाए भणिओ– "केवल तुमे चेव एयं संलत्तं, अण्णो ममं ण जीवंतो" त्ति। तओ सो विइयदिवसे निग्गओ, दिट्ठो य डिंडिणा। भणिओ णेणं–"किं भो वयंस! कयं कज्जं?" त्ति। तओ पुणरवि तेण दाणमाणेणं संगहियं करेत्ता विसज्जिओ। तओ सो आगंतूण धणसिरीए पुरओ विमणा तुण्हिक्को ठिओ अच्छइ। तओ तीए ध णसिरीए तस्स मणोगयं जाणिऊण भणिओ–"किं ते पुणो डिंडी किंचि भणइ?" तेण भणियं–'आमं' त्ति। तीए निवारिओ– "न ते पुणा तस्स दरिसणं दायव्वं।" पुणो य पुच्छिज्जमाणो तहेव तुण्हिक्को अच्छइ। तओ तीए तस्स चित्तरक्खं करेंतीए भणिओ–"वच्च, देहि से संदेसं जहाकृअसोगवणियाए तुमे अज्ज पओसे आगंतव्वं" त्ति। तेण तहा कयं। तओ सा असोगवणियाए सेज्जं पत्थरेऊण जोगमज्जं च गिण्हिऊण विणीयगसहिया अच्छइ। सो आगओ। तओ तीए सोवयार मज्जं से दिण्णं। सो य तं पाऊण अचेयणसरीरो जाओ। ताए तस्सेव य संतियं असिं कड्ढिऊण सीसं छिण्णं। पच्छा विणीयओ भणिओकृ 'तुमे अणत्थं कारिया तुज्झ वि सीसं छिंदामि' त्ति। तेण पायवडिएण मरिसाविया। विणीयगेण धणसिरिसंदिट्ठेणं कूवं खणित्त निहिओ।

तओ अन्नया सुहासणवरगया धणसिरी विणीयगेण पुच्छियाकृ"सुंदरि। तुमं कस्स दिन्ना?" तीए भणियंकृ"उज्जेणिगस्स समुद्दत्तस्स दिण्णा।" तेण भणियं–'वच्चामि, अहं तं गवेसित्ता आणेमिं' त्ति भणिउं निग्गओ। संपत्तो य नियगभवणं पविट्ठो, दिट्ठो य अम्मापिऊहिं, तेहिं य कयंसुपाएहिं उवगूहिओ। तओ तेहिं धणसत्थवाहस्स लेहो पेसिओ 'आगओ से जमाउओ' त्ति। तओ सो वयंसपरिगहियो मायापिईहिं य सद्धिं ससुरकुलं गओ। तत्थ य पुणरवि वीवाहो कओ।

तओ सो अप्पाणं गूहेतो धणसिरीए विणीयगवेसेणं अप्पाणं दरिसेइ। परं तु तीए तस्स रूवदंसणणिमित्तं पच्छण्णदीवं ठवेऊण तस्स रूवोवलद्धी कया। दिट्ठो य णाए विणीयओ। तओ तेण सव्वं संवादितं।

## 11. भार्या के शील की परीक्षा

अवन्ती नाम का जनपद था। वहां उज्जयिनी नाम की ऋद्धि और समृद्धि से सम्पन्न नगरी थी। वहां जितशत्रु नामका राजा था। उस राजा की धारिणी नामकी पत्नी (देवी) थी। उस उज्जयिनी नगरी में दसों दिशाओं का प्रकाशकर सागरचन्द्र नामका सेठ था। उसकी चंदश्री नामकी पत्नी थी। उसका (उस सेठ का) पुत्र चन्द्रश्री का आत्मज समुद्रदत्त जो सुन्दर था। सागरचन्द्र ने परमभागवत दीक्षा प्राप्त कर भगवत गीता में सूत्र और अर्थ के अनुसार परमार्थ को जान लिया (तत्व को जान लिया।) वह समुद्रदत्त पुत्र को कला ग्रहण करवाने के लिए घर में एक परिव्राजक को रख लेता है क्योंकि "अन्य शालाओं में (विद्यालय) पढ़ने से अन्य धर्मों की पाखण्डपूर्ण दृष्टिवाल हो जायेगा।" तब से वह समुद्रदत्त पुत्र उस परिव्राजक के पास कलाग्रहण करता हुआ अन्य किसी दिन फलक (स्लेट) रखने के लिए घर में प्रवेश किया और वह अपनी माता को उस परिव्राजक के साथ असभ्य आचरण करती हुई देखता है। तब वह स्त्रियों के प्रति विराम को प्राप्त निकल जाता हैं–ये स्त्रियां कुल और शील की रक्षा नहीं करतीं, ऐसा सोचकर हृदय में निश्चय करता है–मैं विवाह नहीं करूंगा। उसके बाद उसका पिता समस्त कला और युवावस्था को प्राप्त उसके समानकुल, रूप और वैभव सम्पन्न कन्याओं को उसके लिए वरण करता है। किन्तु वह निषेध कर देता है। इस प्रकार उसका समय बीतने लगा।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

अन्य किसी दिन उसकी सम्मति से पिता सौराष्ट्र देश में व्यापार के लिए आया। गिरीनगर में धनसार्थवाह की पुत्री धनश्री को उचित शुल्क (कन्यानिरीक्षण–शुल्क) के साथ समुद्रदत्त के लिए वरण करता है और वह अज्ञात रूप से तिथि निश्चित करके अपने नगर आ गया। तब उसने समुद्रदत्त से कहा–पुत्र! गिरिनगर में मेरा धन (माल) है, वहां तुम अपने मित्रों के साथ जाओ। वहां उस माल का विनिमय (लेन देन) करेंगे ऐसा कहकर उसके मित्रों को कन्या के साथ किये गये संबंध को बता दिया।

तब वे वैभव के अनुरूप निकले, विशेष प्रकार के कथा कहते हुए वे गिरिनगर को पहुंच गये और बाहर ठहरकर धन सार्थवाह के पास आदमी को भेजा, यथा–तुम्हारा वर आ गया है। तब उसने वैभव के अनुरूप आवास बनाया और उन्हें ठहराया। रात में भोजन के बहाने धन सार्थवाह के घर में आये, धनश्री के साथ पाणि–ग्रहण करवा दिया। तब वह धनश्री के निवास स्थान पर जाता है। तब वह एकान्त स्थान जानकर उस धनश्री को चकमा देकर निकल जाता है और मित्रों के बीच सो जाता है। उसके बाद रात बीतने पर और सुबह होने पर शरीर के आवश्यक काम के लिए मित्रों के साथ ही गिरिनगर के बाहर निकला। उन मित्रों से नजर बचाकर गायब हो गया। तब वे मित्र आकर और धनसार्थवाह से कहा–वह चला गया। वे चारों ओर खोजते हैं किन्तु दिखाई नहीं देता। तब वे दीनमुख वाले कुछ दिन ठहरकर धनसार्थवाह को पूछकर अपने नगर चले गये।

इधर समुद्रदत्त भी दूसरे देशों में घूमता हुआ किसी समय भिखमंगे का प्रच्छन्न वेश धारण करने वाला, बढ़े हुए नख–केश–दाढ़ी–मूंछ वाला गिरिनगर में आया। बगीचे में गये हुए धनसार्थवाह को उसने देखातब उसे प्रणाम कर कहता है–मैं तुम्हारे बगीचे का नौकर बनना चाहता हूं और उसने कहा–कहो, तुम्हें वेतन क्या दिया जाये? तब उसने कहा–मुझे वेतन से कोई प्रयोजन नहीं। मैं तो तुम्हारे प्रसाद का अभिकांक्षी हूं। मुझे तुष्टिदान दीजिए। ठीक है ऐसा स्वीकृति देने पर बगीचे में कार्य करना प्रारम्भ कर दिया। तब वह वृक्ष–आयुर्वेद में कुशल, उस बगीचे को कुछ ही दिनों में सभी ऋतुओं के पुष्प–फल से समृद्ध कर दिया। तब वह धनसार्थवाह उस बगीचे की शोभा को देखकर परम हर्ष को प्राप्त हुआ और उसने सोचा–सैकड़ों गुणों से युक्त इस व्यक्ति को बगीचे में रखने से क्या? 'अच्छा हो मेरे दुकान में रहे।' तब स्नानादि कराके दो जोड़ी कपड़ा देकर दुकान में रख लिया।

आय–व्यय में कुशल इत्र तैयार करने की कला में कुशल उसको नगर के लोगों ने पूछा – तुम्हारा नाम क्या है? वह कहता है विनीतक मेरा नाम है। इस प्रकार वह विनीतक विनय से सम्पन्न सम्पूर्ण नगर में विश्वसनीय हो गया। तब उस सार्थवाह ने सोचा–इसका दुकान में रहना मेरे लिए कल्याणकारी नहीं है। राजा अगर इसको जान लेगा तो इसे हरण कर लेगा। अच्छा है कि इसे घर के भंडारशाला में रखा जाये। तब उसे अपने घर ले जाकर और परिजनों को बुलाकर कहा–यह विनीतक जो कुछ देगा उसे तुम स्वीकार करना, उसकी आज्ञा पर क्रोध मत करना। तब से वह विनीतक घर में रहने लगा विशेष रूप से धनश्री के जो दासकर्म थे उन्हें वह स्वयं करता है। तब विनीतक धनश्री का सर्वविश्वास का स्थान हो गया।

उस नगरी में एक डिंडी नामक राज्यपदाधिकारी रहता था और इधर धनश्री दोपहर के समय सात तल्लों वाले प्रासाद के अट्टालिका में विनीतक के साथ पान चबा रही थी। उसी समय वह डिंडी स्नान करके और अलंकृत होकर उस भवन के समीप से गुजरता है। धनश्री ने पान थूंका वह डिंडी के ऊपर गिर पड़ा। डिंडी देखता है, तब उसने अप्सरा के समान उसको देखा। तब वह कामदेव के बाण से शोषित शरीर वाला उसके साथ समागम के लिए उत्सुक हो गया और वह सोचता है–यह विनीतक इसके सर्वत्र प्रवेशवाला है, इसके पास जाता हूं (इसे सन्तुष्ट करता हूं) इसकी प्रसन्नता से इसके साथ समागम हो जायेगा।

तब अन्य किसी दिन वह विनीतक को अपने भवन ले गया। पूजा और सत्कार करके पैरों पर गिरकर विनती की–वैसी चेष्टा (प्रयत्न) करो जिससे धनश्री के साथ संयोग करा दो। तब उसने 'ठीक है' ऐसा कहकर धनश्री के पास गया। प्रस्ताव को जानकर उसने धनश्री को डिंडी के वचन कहे। तब वह क्रोध के वशीभूत होकर कहती है–सिर्फ तुम ऐसा कह सकते हो, मेरे जीवित रहते और कोई नहीं कह सकता है।

तब वह दूसरे दिन निकलता है और डिंडी को देखता है। उसने कहा–हे मित्र! क्या काम कर दिया? तब उसने उसके वचन को छुपाता हुआ कहता है–उपाय ढूंढ रहा हूं। तब पुनः भी उसे दानादि से सम्मान करके भेज देता है।

तब वह आकर धनश्री के सामने विमन होकर तथा चुपचाप खड़ा हो गया। तब धनश्री उसके मनोगत को जानकर कहती है–क्या पुनः उस डिंडी ने तुम्हें कुछ कहा? उसने कहा–हां। उसने निवारण किया कि पुनः उससे मत मिलना। बारबार

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

पूछे जाने पर वह वैसा ही चुपचाप खड़ा रहा। तब वह उसकी मन की रक्षा करती हुई कहती है–जाओ, उसे संदेश दो कि–अशोक वाटिका में आज शाम को आना।

उसने वैसा किया। तब वह अशोकवन में शय्या बिछाकर योगमद्य (नशीली चीजों को मिलाकर बनाई गई शराब) लेकर विनीतक के साथ स्थित हो गई। वह आता है। तब वह उपचारपूर्वक उसको शराब देती है। और वह उसे पीकर अचेत शरीरवाला हो गया। उस धनश्री ने उसके ही तलवार को निकालकर सिर काट दिया। बाद में विनीतक से कहती है–तुमने अनर्थ किया तुम्हारे शिर को भी काटूंगी। वह पैरों पर गिरकर क्षमा मांगता है। विनीतक धनश्री के आदेश से कूप खोदकर उसे गाड़ देता है।

तब अन्य किसी दिन सुखासन पर बैठी हुई धनश्री से विनीतक पूछता है–हे सुन्दरी! तुम किसे दिये गये हो? उसने कहा–उज्जयिनी के समुद्रदत्त को दी गई हूं। उसने कहा–जाता हूं, मैं उसे खोजकर लाऊंगा ऐसा कहकर चला जाता है और अपने घर में प्रवेश करता है, माता–पिता ने उसे देखा और वे रोते हुए उसे आलिङ्गत कर लेते हैं। तब वे धनसार्थवाह के पास पत्र भेजते हैं–तुम्हारा दामाद आ गया है और वह मित्रों को लेकर माता–पिता के साथ ससुरालय जाता है और वहां पुनः विवाह किया।

तब वह अपने को छुपाता हुआ धनश्री को विनीतक के वेश में स्वयं को दिखाता है। किन्तु वह उसके रूप देखने के लिए प्रच्छन्न रूप से दीपक रखकर उसके रूप को देख लेती है और विनीतक को देखा। तब उसने सब कुछ कह दिया।

**कठिन शब्दों के अर्थ**

रिद्धित्थिमियसमिद्धा——ऋद्धि और समृद्धि से सम्पन्न
दसदिसिपयासो——दसों दिशाओं में प्रसिद्ध
अत्तओ ——आत्मज
ठवइ——रखा
फलगं——स्लेट, लेखनपट्टिका
ववहारेण——व्यापार के निमित्त
पडिरूवेण सुंकेणं——उचित शुल्क के साथ
अन्नायं——अज्ञात
भंडं——माल
सवयंसो——मित्रों सहित
विणिओगं——लेन–देन
पेसिओ——भेजा
आवासिया——ठहराया
ववएसेणं——बहाने से
पदरिक्कं——(प्रतिरिक्त) एकान्त
चम्मद्दिं——चकमा
अदिट्ठओ नट्ठो——नज़र बचाकर गायब हो गया
मग्गिओ——खोजा
कप्पडियवेशछण्णो——भिखमंगे का प्रच्छन्न वेश धारण करने वाला, कपट–वेशधारी
भत्तिं——वेतन
देज्जह——दें
आरद्धो——आरम्भ
सव्वोउय——सर्वऋतु
अच्छंतेण——रहते हुए
आवारीए——दुकान में
गंधजुत्ति——इत्र तैयार करने की कला
डिंडी——आरक्षी–पदाधिकारी
पुव्वावरण्हसमए——दिन के अन्तिम प्रहर में
अट्टालवरगया——ऊंची अटारी पर बैठी हुई
समाणयंती——चबाती हुई
समालद्धो——अलंकृत
निच्छूढं——फेंकना, थूकना
संलत्तं——कहा
उवतप्पामि——पास जाता हूं, सन्तुष्ट करता हूं
धत्तीहिं——उपाय ढूंढ रहा हूं
चित्तरक्खं——मनोभाव की रक्षा
मरिसाविया——क्षमा मांगी
निहिओ——गाड़ दिया डाल दिया
कयंसुपाएहिं——अश्रुपात करके
उवगूहिओ——आलिंगन किया
विज्झवेऊण——बुझाकर

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

(क) ..... नाम जणवओ अत्थि।
(ख) समुद्रदत्त का अपर नाम ..... था।
(ग) समुद्रदत्त ने ..... के शील की परीक्षा की।
(घ) उसका पिता व्यापार के लिए ..... गया।

**2. निबन्धात्मक प्रश्न**

1. धनश्री का चरित्र–चित्रण करें।
2. प्रस्तुत पाठ के आधार पर नारी के स्वभाव का वर्णन करें।
3. कथा का सार अपने शब्दों में लिखें।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

## 12. छक्खंडागम–लेहण–कहा

तेण महावीरेण केवलणाणिणा कहिदत्थो तम्हि चेव काले तत्थेव खेत्ते खयोवसम–जणिद–चउरमल–बुद्धि–संपण्णेण बम्हणेण गोदम–गोत्तेण सयलदुस्सुदिपारएण जीवाजीव–विसय–संदेह–विणासणट्ठमुवगय–वड्ढमाण–पादमूलेण इंदभूदिणावहारिदो। उत्तं च–

**गोत्तेण गोदमो विप्पो, चाउव्वेय–सडंगवि।**
**णामेव इंदभूदि त्ति सीलवं बम्हणुत्तमो।।**

पुणो तेणिदंभूदिणा भाव–सुद–पज्जय–परिणदेण बारहंगाणं चोद्दस–पुव्वाणं च गंथाणमेक्केण चेव मुहुत्तेण कमेण रयणा कदा। तदा भाव–सुदस्स अत्थ–पदाणं च तित्थयरो कत्ता। तित्थयरादो सुद–पज्जाएण गोदमो परिणदो त्ति दव्व–सुदस्स गोदमो कत्ता। तत्तो गंथरयणा जादेत्ति। तेण वि गोदमेण दुविहमवि सुदणाणं लोहज्जस्स संचारिदं। तेण वि जंबूसामिस्स संचारिदं। परिवाडिमस्सिदूण एदे तिण्णि वि सयल–सुद–धारया भणिया। अपरिवाडिए पुण सयल–सुद–पारगा संखेज्ज–सहस्सा। गोदमथेरो लोहज्जाइरियो जंबूसामी य एदे तिण्णि वि सत्त–विह–लद्धि–संपण्णा सयल–सुय–सायर–पारया होऊण केवलणाण–मुप्पाइय णिव्वुइं पत्ता। तदो विण्हू णंदिमित्तो अवराइदो गोवद्धणो भद्दबाहु त्ति एदे पुरिसोली–कमेण पंच वि चोद्दस–पुव्वहरा। तदो विसाहाइरियो पोट्ठिलो खत्तियो जयाइरियो णागाइरियो सिद्धत्थथेरो धिदिसेणो विजयाइरियो बुद्धिल्लो गंगदेवो धम्मसेणो त्ति एदे पुरिसोलीकमेण एक्कारस वि आइरिया एक्कारसण्हमंगाणं उप्पायपुव्वादि–दसण्हं पुव्वाणं च पारया जादा, सेसुवरिम–चदुण्हं पुव्वाणमेगदेसधरा य। तदो णक्खत्ताइरियो जयपालो पांडुसामी धुवसेणो कंसाइरियो त्ति एदे पुरिसोलीकमेण पंच वि आइरिया एक्कारसंगधारया जादा, चोद्दसण्हं पुव्वाणमेगदेसधरा य। तदो सुभद्दो जसभद्दो जसबाहू लोहज्जो त्ति एदे चत्तारि वि आइरिया आयारंग–धरा सेसंग–पुव्वाणमेगदेसधरा य। तदो सव्वेसिमंग–पुव्वाणमेगदेसो आइरियपरंपराए आगच्छमाणो धरसेणाइरियं संपत्तो।

तेण वि सोरट्ठ–विसय–गिरि–णयर–पट्टण–चंदगुहा–ठिएण अट्ठंगमहा–णिमित्तपारएण गंथ–वोच्छेदो होहिदि त्ति जादभएण पवयण–वच्छलेण दक्खिणावहाइरियाणे महिमाए मिलियाणं लेहो पेसिदो। लेहट्ठिय–धरसेणाइरिय–वयणमवधारिय तेहि वि आइरिएहि बे साहू गहण–धारण–समत्था धवलामल– बहुविह–विणय–विहूसियंगा सील–माला–हरा गुरु पेसणासण–तित्ता देस–कुलजाइसुद्धा सयल–कला– पारया तिक्खुत्ताबुच्छियाइरिया अंधविसय–वेण्णायडादो पेसिदा। तेसु आगच्छमाणेसु रयणीए पच्छिमभाए कुंदेंदु–संखवण्णा सव्वलक्खण–संपुण्णा अप्पणो कय–तिप्पदाहिणा पाएसु णिसुढिय–पदियंगा वे वसहा सुमिणतरेणं धरसेणभडारएण दिट्ठा। एवंविहसुमिणं दट्ठूण तुट्ठेण धरसेणाइरिएण 'जयउ सुय–देवदा' त्ति संलवियं। तद्दिवसे चेय ते दो वि जणा संपत्ता धरसेणाइरियं। तदो धरसेण–भयवदो किदियम्मं काऊण दोण्णि दिवसे बोलाविय तदियदिवसे विणएण धरसेणभडारओ तेहिं विण्णत्तोकृ'अणेण कज्जेणम्हा दो वि जणा तुम्हं पादमूलमुगवया' त्ति। 'सुट्ठु भद्द' त्ति भणिऊण धरसेण– भडारएण दो वि आसासिदा। तदो चिंतिदं भयवदाकृ

**सेलघण–भग्गघड–अहि–चालणि–महिसाऽवि–जाहय–सुएहिं।**
**मट्टिय–मसय–समाणं वक्खाणइ जो सुदं मोहा।।**
**दढ–गारव–पडिबद्धो विसयामिस–विस–वसेण घुम्मंतो।**
**सो भट्ट–बोहि–लाहो भमइ चिरं भव–वणे मूढो।।**

इदि वयणादो जहाछंदाईणं विज्जा–दाणं संसार–भय–वद्धणमिदि चिंतेऊण सुहसुमिणदंसणेणेव अवगय–पुरिसंतरेण धरसेणभयवदा पुणरवि ताणं परिक्खा काउमाढत्ता 'सुपरिक्खा हियय–णिव्वुइकरेति।' तदो ताणं तेण दो विज्जाओ दिण्णाओ। तत्थ एगा अहियक्खरा, अवरा विहीणक्खरा। एदाओ छट्ठोववासेण सहेहु त्ति। तदो ते सिद्धविज्जा विज्जा–देवदाओ पेच्छति, एया उद्दंतुरिया अवरेया काणिया। एसो देवदाणं सहावो ण होदि त्ति चिंतेऊण मंतव्वायरण–सत्थ–कुसलेहिं हीणाहियक्खराणं छुहणावणयण–विहाणं काऊण पढंतेहिं दो वि देवदाओ सहाव–रूवट्ठियाओ दिट्ठाओ। पुणो तेहिं धरसेणभयवंतस्स जहावित्तेण विणएण णिवेदिदे सुट्ठु तुट्ठेण धरसेणभडारएण सोम्मतिहि–णक्खत्तचारे गंथो पारद्धो। पुणो कमेण वक्खाणंतेण तेण

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University) Ladnun

आसाढ–मास–सुक्क–पक्ख–एक्कारसीए पुव्वण्हे गंथो समाणिदो। विणएण गंथो समाणिदो त्ति तुट्ठेहिं भूदेहिं तत्थेयस्स महदी पूजा पुप्फ–गलि–संख–तूर–रव–संकुला कदा। तं दट्ठूण तस्स 'भूदबलि' त्ति भडारएण णामं कयं। अवरस्स वि भूदेहि पूजिदस्स अत्थ–वियत्थ–ट्ठिय–दंत–पंतिमोसारिय भूदेहि समीकय–दंतस्सय 'पुप्फयंतो' णामं कयं।

पुणो ते तद्दिवसे चेव पेसिदा संता 'गुरु–वयणमलंघणिज्जं' इदि चिंतिऊणागदेहि अंकुलेसरे बरिसा–कालो कओ। जोगं समाणीय जिणबालियं दट्ठूणं पुप्फयंताइरियो वणवासि–विसयं गदो। भूदबलिभडारओ वि दमिल–विसयं गदो। तदो पुप्फयंताइरिएण जिणबालिदस्स दिक्खं दाऊण विंसदि–सुत्ताणि करिय पढाविय पुणो सो भूदबलिभयवंतस्स पासं पेसिदो। भूदबलिभयवदा जिणबालिदपासे दिट्ठ–विंसदि–सुत्तेण अप्पाउओ त्ति अवगय–जिणबालिदेण महाकम्म–पयडि–पाहुडस्स वोच्छेदो त्ति समुप्पण्ण–बुद्धिणा पुणो दव्व–पमाणाणुगममादिं काऊण गंथ–रयणा कदा। तयो एयं खंड–सिद्धंतं पडुच्च भूदबलि–पुप्फयंताइरिया वि कत्तारो उच्चंति।

## 12. षट्खंडागम लेखन कथा

उस केवलज्ञानी महावीर के द्वारा कहे हुए अर्थ को उसी काल में और उसी क्षेत्र में ही क्षयोपशम से उत्पन्न चार प्रकार के निर्मल बुद्धि से सम्पन्न, सम्पूर्ण वेद–वेदांग में पारंगत, जीव– अजीव के विषय में हुए सन्देह के विनाश के लिए वर्द्धमान के पादमूल में आये हुए गोतमगोत्री इन्द्रभूति नामक ब्राह्मण ने धारण कर लिया। कहा भी है–

गौतमगोत्री, विप्रवर्णी चारों वेद और षडंगविद्या का पारगामी, शीलवान और ब्राह्मणों में श्रेष्ठ इन्द्रभूति नामक प्रथम गणधर थे।

इसके पश्चात् भावश्रुतरूप पर्याय से परिणत उस इन्द्रभूमि ने बारह अंग और चौदह पूर्वरूप ग्रंथों की एक ही मुहुर्त्त में क्रम से रचना की। अतः भावश्रुत और अर्थ–पदों के तीर्थकर कर्ता हैं। तथा तीर्थकर के निमित्त से श्रुतपर्याय से परिणत हुए अतः द्रव्यश्रुत के कर्त्ता गौतम गणधर हैं। इस तरह ग्रंथ–रचना हुई। उन गौतम गणधर ने भी दोनों प्रकार का श्रुतज्ञान लोहार्य को दिया। उन्होंने भी जम्बूस्वामी को दिया। परिपाटी क्रम से ये तीनों ही सकलश्रुत के धारक कहलाये। और यदि अपरिपाटी क्रम से संख्यात हजार सकल श्रुत के धारी हुए।

गौतमस्थविर, लोहाचार्य और जंबूस्वामी–ये तीनों ही सात प्रकार की ऋद्धियों से युक्त और सकल–श्रुतरूपी सागर के पारगामी होकर केवलज्ञान को उत्पन्न कर निर्वाण को प्राप्त हुए। इसके बाद विष्णु, नन्दिमित्र, अपराजित, गोवर्धन और भद्रबाहु–ये पांचों ही आचार्य परिपाटी–क्रम से चौदह पूर्वके धारी हुए।

उसके बाद विशाखाचार्य, प्रोष्ठिल, क्षत्रिय, जयाचार्य, नागाचार्य, सिद्धार्थस्थविर, धृतिसेन, विजयाचार्य, बुद्धिल्ल, गंगदेव और धर्मसेन–ये ग्यारह अंग और उत्पादपूर्व आदि दश पूर्वों के धारक तथा शेष उपरिम चार पूर्वों के एकदेश के धारक हुए। तदनन्तर नक्षत्राचार्य, जयाचार्य, पाण्डुस्वामी, धरसेन, कंसाचार्य ये पांचों ही आचार्य परिपाटी–क्रम से सम्पूर्ण ग्यारह अंगों के और चौदह पूर्वों के एकदेश के धारक हुए। उसके बाद सुभद्र, यशोभद्र, यशोबाहु और लोहार्य ये चारों ही आचार्य सम्पूर्ण आचारांग के धारक और शेष अंग तथा पूर्वों के एकदेश के धारक हुए। इसके बाद सभी अंग और पूर्वों का एकदेश आचार्य परम्परा से आता हुआ धरसेन आचार्य को प्राप्त हुआ।

सौराष्ट्र (गुजरात–काठियावाड़) देश के गिरिनगर नामके नगर की चन्द्रगुफा में रहने वाले, अष्टांग महानिमित्त के पारगामी, प्रवचन–वत्सल और आगे अंग–श्रुत का विच्छेद हो जायेगा इस कारण उत्पन्न हो गया है भय जिनको ऐसे उस धरसेनाचार्य ने महामहिमा अर्थात् पंचवर्षीय साधु–सम्मेलन में सम्मिलित हुए दक्षिणापथ के आचार्यों के पास एक लेख भेजा। लेख में लिखे गये धरसेनाचार्य के वचनों को भलीभांति समझकर उन आचार्यों ने शास्त्र के अर्थ को ग्रहण और धारण करने में समर्थ, नाना प्रकार की उज्ज्वल और निर्मल विनय से विभूषित अंगवाले, शीलरूपी माला के धारक, गुरुओं द्वारा भेजे हुए भोजन से तृप्त हुए, देश, कुल और जाति से शुद्ध, (अर्थात् उत्तम जाति, उत्तम देश और उत्तम कुल में उत्पन्न) समस्त कलाओं में पारंगत और तीन बार पूछा है आचार्यों से जिन्होंने (अर्थात् आचार्यों से तीन बार आज्ञा लेकर) ऐसे दो साधुओं को आन्ध्र देश में बहनेवाली वेणानन्दी के तट से भेजा।

मार्च में उन दोनों साधुओं के आते समय, जो कुन्द के पुष्प, चन्द्रमा और शंख के समान सफेद वर्णवाले हैं, जो समस्त लक्षणों से परिपूर्ण है, जिन्होंने आचार्य (धरसेन) की तीन प्रदक्षिणा दी हैं और जिनके अंग नम्रित होकर आचार्य के चरणों में पड़

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

गये हैं, ऐसे दो बैलों को धरसेन भट्टारक ने रात्रि के पिछले भाग में स्वप्न में देखा। इस प्रकार के स्वप्न को देखकर संतुष्ट हुए धरसेनाचार्य ने 'श्रुतदेवता जयवन्त हो' ऐसा उच्चारण किया। उसी दिन ही वे दोनों धरसेनाचार्य के पास पहुंचे। उसके बाद धरसेनाचार्य की पादवन्दना आदि कृतिकर्म करके और दो दिन बिताकर तीसरे दिन उन दोनों ने धरसेनाचार्य से निवेदन किया–इस कार्य से हम दोनों आपके पादमूल को प्राप्त हुए हैं। 'अच्छा है, कल्याण हो' इस प्रकार धरसेन भट्टारक ने उन दोनों को आश्वासन दिया। इसके बाद भगवान धरसेन ने विचार किया कि–"शैलघन, भग्नघट, अहि (सर्प), चालनी, महिष, मेंढा, जोंक, शुक, माटी और मशक के समान श्रोताओं को जो मोह से श्रुत का आख्यान करता है, वह मूढ दृढ रूप से ऋद्धि आदि तीनों प्रकार के गौरवों के आधीन होकर विषयों की लोलुपतारूपी विष के वश में मूर्च्छित हो, बोधि अर्थात् रत्नत्रयी की प्राप्ति से भ्रष्ट होकर भव–वन में चिरकाल तक परिभ्रमण करता है।"

इस वचन के अनुसार स्वच्छन्दतापूर्वक आचरण करने वाले श्रोताओं को विद्या देना संसार और भय को ही बढ़ाने वाला है, ऐसा विचारकर शुभ स्वप्न के देखने मात्र से ही यद्यपि धरसेन भट्टारक ने उन आये हुए दोनों साधुओं के अन्तर अर्थात् विशेषता को जान लिया था, फिर भी उनकी परीक्षा लेने का निश्चय किया, क्योंकि उत्तम प्रकार से ली गई परीक्षा हृदय में सन्तोष को उत्पन्न करती है। इसके बाद उन दोनों को धरसेन ने दो विद्याएं दीं। उनमें से एक अधिक अक्षरवाली थी और दूसरी हीन अक्षरवाली थी। विद्या देकर कहा–इनको षष्ठभक्त उपवास अर्थात् दो दिन के उपवास से सिद्ध करो। इसके बाद जब उनको विद्याएं सिद्ध हुईं, तो उन्होंने विद्या की अधिष्ठात्री देवियों को देखा, एक बाहर निकले हुए दांत वाली थी और दूसरी कानी। 'विकृतांग होना देवताओं का स्वभाव नहीं होता' इस प्रकार उन दोनों ने विचारकर मंत्र–संबंधी व्याकरण शास्त्र में कुशल उन दोनों ने हीन अक्षरवाली विद्या में अधिक अक्षर मिलाकर और अधिक अक्षरवाली विद्या में से अक्षर निकालकर मंत्र को पढ़ना प्रारम्भ किया, जिससे वे दोनें विद्यादेवी अपने स्वभाव और अपने सुन्दर रूप में स्थित दिखलाई पडीं। तदनन्तर भगवान घरसेन के समक्ष योग्य विनय सहित उन दोनों के समस्त वृत्तान्त के निवेदन करने पर 'बहुत अच्छा' इस प्रकार संतुष्ट हुए धरसेन भट्टारक ने शुभ तिथि, शुभनक्षत्र और शुभ वार में ग्रंथ का पढ़ाना प्रारम्भ किया। इस तरह क्रम से व्याख्यान करते हुए धरसेन भगवान से आषाढ़ मास के शुक्लपक्ष की एकादशी के पूर्वाह्नकाल में ग्रंथ समाप्त किया। विनयपूर्वक ग्रंथ समाप्त किया, इसलिए संतुष्ट हुए भूत जाति के व्यन्तर देवों ने उन दोनों में से एक की, पुष्प, बलि तथा शंख और तूर्य जाति के वाद्यविशेष के नाद से व्याप्त बड़ी भारी पूजा की। उसे देखकर धरसेन भट्टारक ने उसका 'भूतबलि' यह नाम रखा। तथा जिनकी भूतों ने पूजा की और अस्त–व्यस्त दंतपंक्ति को दूर करके भूतों ने जिनके दांत समान कर दिये हैं ऐसे दूसरे का भी ध रसेन भट्टारक ने 'पुष्पदंत' नाम रखा।

तदनन्तर उसी दिन वहां से भेजे गये उन दोनों ने 'गुरु के वचन अलंघनीय होता है' ऐसा विचारकर आते हुए अकंलेश्वर (गुजरात) में वर्षाकाल बिताया। वर्षायोग को समाप्त कर और जिनपालित को देखकर पुष्पदंत आचार्य तो वनवासि देश को चले गये और भूतबलि भट्टारक तमिल देश को चले गये। तत्पश्चात् पुष्पदंत आचार्य ने जिनपालित को दीक्षा देकर बीस प्ररूपणा गर्भित सत्प्ररूपणा के सूत्र बनाकर और जिनपालित को पढ़ाकर अनन्तर उन्हें भूतबलि आचार्य के पास भेजा। तदनन्तर जिन्होंने जिनपालित के पास बीस प्ररूपणान्तर्गत सत्परूपणा के सूत्र देखें हैं और पुष्पदन्त आचार्य अल्पायु हैं, इस प्रकार जिन्होंने जिनपालित से जान लिया है, अतएव महाकर्मप्रकृति प्राभृत का विच्छेद हो जायेगा इस प्रकार उत्पन्न हुई है बुद्धि जिनको ऐसे भगवान् भूतबलि ने द्रव्यप्रमाणानुक्रम को आदि लेकर ग्रंथ रचना की। इसलिये खण्डसिद्धान्त की अपेक्षा भूतबलि और पुष्पदन्त आचार्य भी श्रुत के कर्ता कहे जाते हैं।

**कठिन शब्दों के अर्थ**

विप्पो——ब्राह्मण
रयणा——रचना
कदा——किया
तत्तो——उससे
संचारिदं——संचारित किया, दिया
तिण्णि——तीन
होहिदि——हो जायेगा
जादभएण——उत्पन्न भय से
लेहो——लेख
पेसिदो——भेजा
अवधारिय——धारणकर
दिट्ठा——देखा
संलवियं——कहा



Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University) Ladnun

निव्वुइकरेति——शांति करता है
अवरा——दूसरी
भूदेहि——भूतों द्वारा
इदि——इति, इस प्रकार
दाऊण——देकर
पडुच्च (प्रतीत्य)——अपेक्षा करके

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

(क) इन्द्रभूति ..... गोत्र के थे।
(ख) द्रव्यश्रुत के कर्त्ता ..... थे।
(ग) धरसेनाचार्य के पास ..... साधु आये।
(घ) दोनों साधु परम ..... थे।
(ङ) भूतों द्वारा पूजित मुनि का नाम ..... था।

**2. निबन्धात्मक प्रश्न**

1. शिष्य को कैसा होना चाहिए, अपना मन्तव्य प्रस्तुत कीजिए।
2. धरसेनाचार्य ने दोनों शिष्यों का परीक्षण कैसे की।
3. श्रुत–परम्परा का क्रम किस तरह चलता गया प्रस्तुत पाठ के आधार पर बतायें।

## 13. उज्जममेव फलदाणे पमाणेइ

एगया भोयनरिंदस्स सहाए दुण्णि विउसा समागया, तेसु एगो नियइवाई–'जं भावी तं नन्नहा होइ', अओ सो उज्जमं विणा भावि चिय मन्नेइ। अन्नो पंडिओ 'उज्जममेव फलदाणे पमाणेइ' जओ अलसा कं पि फलं न, लहंति, जओ वुत्तं–

**"उज्जमेण हि सिज्झंति कज्जाइं न पमाइणो।**
**न हि सुत्तस्स सिंहस्स पविसंति मिगा मुहे।।"**

एवं बीओ उज्जमेण फलवाई अत्थि। भोयनरिंदेण ते दोवि आगमणपयोयणं पुट्ठा। ते कहिंति–'विवायनिण्णयत्थं तुम्हाणमंतिए अम्हे आगया।' रण्णा वुत्तं–'तुम्हाणं जो विवाओ अत्थि तं कहेइ।' तया ते दुण्णि वि नियं नियं मयं जुत्तिपुरस्सरं निवइणो पुरओ ठवेइ। राया विआरेइ–'एत्थ किं परमत्थओ सच्चं? तं च कहं जाणिज्जइ।' तया निण्णेउमसमत्थो कालियासं पंडिअं पुच्छइ–'एएसिं नाओ कहं किज्जइ? किं वा उत्तरं दिज्जइ?' कालियासो कहेइ–"हे नरिंद! जह दक्खाए रसो चक्खिज्जमाणो महुरो खट्टो वा नज्जइ, तह य एयाण विवाओ कसिज्जइ, तेण सच्चो असच्चो वा जाणिज्जइ।" राया कहेइ–"कसण–कियाए अत्थि को वि उवाओ? जइ सिया, तया कसिज्जउ।"

कालियासो तया ते दुण्णि विउसे बोल्लाविऊण तेसिं नेत्ताइं पडेण बंधित्ता, दुवे य हत्थे पिट्ठस्स पच्छा बंधिअ, पाए गाढयरं निअंतिअ अंधयारमए अववरगे ते दुण्णि विउसा ठविआ कहियं च–"जो दइव्ववाई, सो दइव्वेण छुट्टउ, जो उज्जमवाई, सो उज्जमेण छुट्टेज्जा।" एवं कहिऊण कालियासो पच्छा नियत्तो।

तओ सो नियइवाई 'जं भावि तं होहिइ' त्ति मन्नमाणो निचिंतो समाणो सुहेण तत्थ सुत्तो। उज्जमवाई जो, सो छुट्टणाय बहुं उज्जमं कुणेई, हत्थे पाए य भूमीए उवरि जओ तओ घंसेइ, परंतु गाढयरबंधत्तणेण जया सो न छुट्टिओ, तया तं निइयवाई विउसो कहेइ–किं मुहा उज्जमेण कएण, एसो निविडो बंधो कया वि न छुट्टिहिइ? निप्फलेण बलहाणिकारणायासेण किं? खुहापिवासापीलिआणं पि अम्हाणं नियईए सरणं चिअ वरं।

एवं सोच्चा उज्जमवाइपंडिओ छुट्टणपयासं न चएइ। छुट्टणाय अईव पयासं कुणेइ। एवं तेसिं दुवे दिणा अइक्कंता। भोयणभावेण शरीरं पि ताणमईव खीणं संजायं, कज्जकरणे वि असमत्थं जायं, तह वि उज्जमवाई पयासहीणाववरगे इओ तओ भममाणो बंधणाओ मोअणाय जत्तं न मुंचेइ। नियइवाई तं वएइ–'अहुणा परमेसरस्स नामं गिण्हसु, किमायासकरणेण फलरहिएण?' तया सो उज्जमवाई कहेइ–'समावन्ने वि मरणे उज्जमो कया वि न मोत्तव्वो, सया वि उज्जमसीलेण जणेण होयव्वं।' नियइवाई बोल्लेइ–'जइ एवं ता अंधारिए एयंमि अववरगे पास हत्थे य घंसमाणा भमंता चिट्ठेइ, किं उज्जमो फलं दाही?'

तह वि सो उज्जमवाई पंडिओ खीणसरीरबलो तइअदिणंमि भित्तिदिसाए भमंतो हत्थे पाए य घंसमाणो पडंतो पुणरवि घसंतो भमंतो दइववसाओ अववरगस्स कोणगे तत्थ पडिओ जत्थ उंदुरस्स बिलं वट्टइ। तस्स हत्था बिलोवरिं समागया। तत्थ रंधमज्झट्ठिओ मूसओ बाहिरं निग्गंतुमचयंतो दंतेहि तस्स हत्थबंधणं छिंदेइ, तया सो छुट्टिओ समाणो नेत्तपडं पायबंधणं च अवसारेइ, सो तया अववरगे गाढयरतमेण किमवि न पासेइ। अस्स अववरगस्स दारं कत्थ अत्थि त्ति भित्तिफासणेण

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

निरिक्खंतेण तेण कमेण दारं लद्धं। बाहिरओ पिणद्धं तं पासिऊण कट्ठेण तं दारं मूलाओ उत्तारिय बाहिरं सो निग्गओ। पच्छा देव्ववाइं पंडिअं पि बंधणाओ ओमोएइ।

पच्छण्णट्ठाणे ठिओ कालियासो सव्वं निरूवेइ। जया ते दुवे वाहिरनिग्गए पासेइ, पासित्ता ते घेत्तूण नियघरंमि गओ। सम्मं अन्नपाणेहि सक्कारित्ता सम्माणित्ता य निवसहाए ते विउसे गहिऊण समागओ। भोयनरिंदं कहेइकृ'उज्जमेण जिअं, भग्गेण पराइअं' ति, जओ उज्जमवाई पंडिओ उज्जमेण छुट्टिओ, अवरो उज्जमाभावाओ न छुट्टिओ। जो दइव्वमेव पहाणं मन्नेइ सो पमाई कहिज्जइ। जत्थ पमाओ आलस्सं तत्थ खुहा–पिवासा–दुक्खं–मरणं च अवस्सं संभवेइ। जो उज्जमं कुणइ, सो कयाइ दुक्खाओ मुच्चइ, किं पि य फलं पावेइ। दइव्ववाई उज्जमेण विणा फलं न लहेज्जा। तओ उज्जमो पहाणो णायव्वो। तओ भोयनरिंदो उज्जमवाइपंडिअं दव्ववत्थाहूसणेहिं सम्माणेइ। नीइसत्थे वि–'उज्जमे णत्थि दालिद्दं।' अओ उज्जमो कयावि न मोत्तव्वो।

उवएसो–

**उज्जमस्स फलं नच्चा विउसदुगनायगे।**
**जावज्जीवं न छुड्डेज्जा उज्जमं फलदायगं।।**

## 13. उद्यम ही फल देने में प्रमाण है

एक बार भोजराजा के सभा में दो विद्वान् आये, उनमें एक नियतिवादी था, 'जो होना है उससे अन्यथा नहीं होता' अतः वह उद्यम के बिना सिर्फ नियति को ही मानता था। दूसरा पंडित 'उद्यम ही फल देने में प्रमाण है' इसलिए आलसी कुछ भी फल प्राप्त नहीं करते, कहा भी गया है–

**उद्यम (पराक्रम) से ही कार्य सिद्ध होते हैं प्रमाद से नहीं।**
**सोये हुए सिंह के मुख में मृग (हरिण) प्रवेश नहीं करते।।**

इस प्रकार दूसरा उद्यम से ही फलवादी था। भोजराजा ने उन दोनों को ही आने का प्रयोजन पूछा। वे कहते हैं–विवाद का निर्णय करने के लिए तुम्हारे पास आये हैं। राजा ने कहा– तुम्हारे जो विवाद है उसे कहो। तब उन दोनों ने ही स्व–स्वमत युक्तिपूर्वक राजा के पास रख दिया। राजा सोचता है यहां वास्तविक सत्य क्या है? और उसे कौन जानता है? तब निर्णय करने में असमर्थ वह कालिदास पंडित से पूछता है–इनका न्याय कैसे किया जाये? क्या उत्तर दिया जाये? कालिदास कहता है–हे नरेन्द्र! जैसे द्राक्षा (अंगूर) के रस को चखने पर पता चलता है कि मीठा है अथवा खट्टा, वैसे ही इनके विवाद का निर्णय होना चाहिए। जिससे सत्य अथवा असत्य जाना जायेगा। राजा कहता है–परीक्षा करने का कोई उपाय है? यदि है, तो परीक्षा करनी चाहिए।

तब कालिदास उन दोनों विद्वानों को बुलाकर उनके आंखों को कपड़े से बाधंकर और दोनों हाथों को पीठ के पीछे बाधंकर पैर में सघन बेड़ी डालकर अंधकारमय कमरे में उन दोनों विद्वानों को रख दिया और कहा–जो भाग्यवादी है, वह भाग्य से छूटे और जो उद्यमवादी है, वह उद्यम से छूटे। ऐसा कहकर कालिदास वापस लौट गया। तब वह नियतिवादी "जो नियति में है वही होगा" ऐसा मानता हुआ निश्चित होकर सुखपूर्वक वहां सो गया और जो उद्यमवादी था वह छुटने के लिए बहुत प्रयत्न करता है, हाथ और पैर को पृथ्वी के ऊपर जहां तहां घिसता है, किन्तु सघन बंधन के कारण जब वह नहीं छुटता तब वह नियतिवादी विद्वान् कहता है–व्यर्थ पराक्रम करने से क्या? सघन बंधन कभी भी नहीं खुलेगा? निष्फल बल के हानि करने से क्या? भूख और प्यास से पीड़ित भी हम लोगों का नियति के शरण लेना ही ठीक है।

ऐसा सुनकर उद्यमवादी पंडित छूटने के प्रयास को नहीं छोड़ता। छूटने के अधिक प्रयास करता है। इस प्रकार उनके दो दिन बीत गये। भोजन के अभाव में उनके शरीर भी अतिक्षीण हो गये, कार्य करने में भी असमर्थ हो गये, फिर भी उद्यमवादी प्रकाशहीन कमरे में इधर–उधर घूमता हुआ बंधन से मुक्ति के लिए यत्न नहीं छोड़ता। नियतिवादी उसे कहता है–अब परमेश्वर के नाम का स्मरण करो, फलरहित प्रयत्न करने से क्या? तब वह उद्यमवादी कहता है–मरण के आ जाने पर भी उद्यम कभी भी नहीं छोड़ना चाहिए, मनुष्य को सदा प्रयत्नशील होना चाहिए। नियतिवादी कहता है–यदि ऐसा है तो अंधेरे में इस कमरे में हाथ–पैर घिसते हुए, घूमते रहो, क्या उद्यम फल देगा?

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

फिर भी वह उद्यमवादी पंडित शरीरबल से क्षीण तीसरे दिन, दिवाल की दिशा में घूमता हुआ हाथ और पैर को घिसता हुआ गिरता हुआ पुनः घिसते हुए, घूमता हुआ भाग्यवश कमरे के कोने में वहां गिरा जहां चूहे का बिल था। उसके हाथ बिल के ऊपर आ गये। वहां बिल के मध्य में स्थित चूहा बाहर निकलने में असमर्थ होता हुआ दांतों से उसके हाथो के बंधन को काट दिया। तब वह छूटकर आंखों की पट्टी और पैरों के बंधन को दूर कर देता है, तब वह कमरे में सघन अंधेरे के कारण कुछ भी नहीं देख पाता। इस कमरे का द्वार कहां पर है, इस प्रकार दिवाले के स्पर्श करते हुए निरीक्षण करते हुए उसने क्रमशः द्वार को प्राप्त कर लिया। बाहर से बन्द द्वार को देखकर लकड़ी से उस दरवाजे को मूल से ही निकालकर वह बाहर निकल गया। बाद में दैववादी पंडित को भी बंधन से मुक्त कर दिया।

गुप्तस्थान पर स्थित कालिदास सब कुछ देख रहा था। जब उन दोनों को बाहर निकलते हुए देखता है, देखकर उन्हें अपने घर लेकर गया। अच्छे भोजन–पानी से सत्कार सम्मान का राजा की सभा में उन विद्वानों को लेकर गया। भोजराजा कहता है–उद्यम जीत गया। भाग्य पराजित हो गया, क्योंकि उद्यमवादी पंडित उद्यम से (प्रयत्न से) छूट गया, दूसरा उद्यम के अभाव से नहीं छूटा। जो भाग्य को ही प्रधान मानता है वह प्रमादी कहलाता है। जहां प्रमाद और आलस हैं वहां भूख– प्यास, दुःख और मरण अवश्य होता है। जो पराक्रम करता है, वह कभी भी दुःख से मुक्त हो जाता है और कुछ भी फल अवश्य प्राप्त कर लेता है। भाग्यवादी उद्यम के बिना फल प्राप्त नहीं कर सकता। अतः उद्यम को ही प्रधान जानना चाहिए। तब राजाभोज उद्यमवादी पंडित को द्रव्य (दान) वस्त्र–आभूषणादि से सम्मान करता है। नीतिशास्त्र में भी (कहा गया है) 'उद्यम में दरिद्रता नहीं है।' अतः पराक्रम कभी नहीं छोड़ना चाहिए।

उपदेश–दो श्रेष्ठ विद्वानों के उद्यम के फल को जानकर फलदायक उद्यम को यावज्जीवन नहीं छोड़ना चाहिए।

**कठिन शब्दों के अर्थ**

दुण्णि——दो
जुत्तिपुरस्सरं——युक्तिपूर्वक
नाओ——न्याय
दक्खाए——अंगुर के
चक्खिज्जमाणो——चखे जाने पर
खट्टो——खट्टा
कसण——क्रियाएं
बोल्लाविऊण——बुलाकर
छुट्टउ——छूटे
निअंतिअ——बेड़ी
घंसेइ——घर्षण करता है।
उंदुरस्स——चूहे के
पिणद्धं——बन्द
उत्तारिय——उतार दिया
ओमेएइ——छुड़ा लेता है
नच्चा——जानकर
छुड्डेज्जा——नहीं छोड़ना चाहिए

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

(क) कार्य ..... से ही सिद्ध होते हैं।
(ख) कालिदास दोनों के आखों में ..... बांध दिया।
(ग) दोनों विद्वानों को ..... कमरे में बन्द कर दिया।
(घ) ..... ने उसके हाथों के बंधन काट दिये।
(ङ) ..... यावज्जीवन नहीं छोड़ना चाहिए।

**2. निबन्धात्मक प्रश्न**

1. इस पाठ के आधार पर कालिदास के निर्णय करने की क्षमता को प्रस्तुत कीजिए?
2. पाठ की समीक्षा अपनी भाषा–शैली में करें।
3. पुरुषार्थवादी किस प्रकार बन्धन से छूटता है सविचवार लिखिए।
4. क्या भाग्य भरोसे बैठना चाहिए अपना मन्तव्य प्रस्तुत करें।

## 14. कुमारमंत्तिस्स दंडविहि

**जारिसो माणवो होइ सिक्खणं तत्थ तारिसं।**
**समावराहचोरेसुं कुमारस्सेह नायग।।**

पाडलिउत्तनयरे जियसत्तुनरिंदस्स कुमारो नाम चउबुद्धिनिहाणो पहाणो मंती आसि। सो जारिसा अवराहिणो आगच्छंति ताणं परिक्खिअ, तारिसं दंडं देइ। एगया कोट्टवालेण चउरो चोरा कुमारमंतिणो पुरओ ठविआ। कुमारमंती तेसिं

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University) Ladnun

बुद्धीए परिक्खं करिऊण दण्डं दाहीअ, जहा पढमचोरस्स उत्तं– "तुं भद्दओ वि होऊण, एरिसं अकज्जं काउं तुमं किं जुत्तं? किं तब एयं सोहेइ? गच्छसु तुं, मा कयावि एवं कुणेज्जा" इअ वोत्तूण सो विसज्जिओ।

बीअं चोरं आहूय मंतिणा सावमाण परुसक्खर–पुरस्सरं वुत्तं–"हे मुरक्खसेहर सुकुलुप्पन्नेणावि तुमए एरिसं कज्जं कयं, किं ते लज्जा वि नागया? गच्छसु, मुहं मसीए लिंपसु, मा मुहं पुणो दंसेसु" त्ति सो वि विसज्जिओ।

तइअं चोरं बोल्लाविऊण, लत्ताए पेहरि

अ, 'तुम्हाओ पाहाणो वि सोहणो' इअ सतिरक्कारं अद्धचंदेण निक्कासिओ। चउत्थं तु पच्छामुहं किच्चा गद्दभारोहिऊण सव्वनयरंमि भमाडिउमाइट्ठो। अवराहस्स एगत्ते भिन्नभिन्नदंडो एएसिं कहं दिन्नो कुमारमंतिण त्ति अच्छरिअसंजुआ सव्वे सहाजणा जाया। तेसिं हिययगयभावं नाऊण 'चउण्हं चोराणं किं जायं' ति निरूवणत्थं रण्णा चरपुरिसो पेसिओ।

एगपहरंमि गए सो चरपुरिसो समागओ समाणो नरिंदं कहेइ–'महाराया! पढमो कोमलेण वयणेण उवालंभिओ संतो गेहे गंतूण, अप्पं पि उवलंभं असहंतो जीहं दंतेहिं पिसिऊण मच्चुं पत्तो। बीओ परुसक्खरेहिं तिरक्करिओ सो 'अहं कयावि मुहं न दंसिस्सं' ति कहिऊण विएसं गओ।

तइओ जो सहामच्झे ताडिओ, सो गिहाओ बाहिरं गंतुं न इच्छेज्जा। चउत्थो उ जो गद्दहमारोहिऊण नयरभमणमाइट्ठो सो उ गद्दहोवरिं परंमुहमुववेसिअ नयरं भमाडिज्जमाणो, विविहावमाणवयणेहिं च पउरेहिं हिलिज्जमाणो निल्लज्जो नियघरसमीवं समागओ संतो तक्कोउहल्ल दंसणत्थागयनिअभज्जं कहेइकृ'अहुणाहं अवसिट्ठदुण्णिरच्छाओ भमिउं सिग्घं आगमिस्सं, तओ तुमं जलं सिग्घं उण्हं कुणेसु'–इअ चरपुरिंसकहिअवुत्तंतं सुणिऊण सव्वे कुमारमंतिस्स बुद्धिं पसंसन्ति।

## 14. कुमार मंत्री की दंडविधि

### जैसा मनुष्य होता है उसकी शिक्षा भी वैसी होती है। (जैसे) समान अपराध करने वाले चोरों में कुमार की बुद्धिमत्ता।।

पाटलिपुत्र नगर में जितशत्रु राजा के कुमार नामका चार प्रकार के बुद्धि का निधान प्रधान मंत्री था। वह जैसे अपराधी आते उनकी परीक्षा कर वैसा ही दंड देता था। एकबार कोतवाल चार चोरों को कुमार मंत्री के पास लाया। कुमार मंत्री उनकी बुद्धि की परीक्षा करके दंड देता है, जैसे–प्रथम चोर को कहा–तुम भद्र (सज्जन) होकर भी ऐसे अकरणीय को करना क्या तुम्हारे लिए युक्त है? क्या तुम्हें यह शोभा देती है? तुम जाओ, कभी भी ऐसा मत करना ऐसा कहकर उसे छोड़ दिया।

दूसरे चोर को बुलाकर मंत्री अपमान सहित कठोर और रुक्ष पूर्वक कहता है–हे मूर्खरेखर! अच्छे कुल में उत्पन्न होकर भी तुमने ऐसा कार्य किया, क्या तुम्हें शर्म भी नहीं आई? जाओ, मुंह को स्याही से पोत लो, पुनः मुख मत दिखाना ऐसा कहकर उसे भी छोड़ दिया।

तीसरे चोर को बुलाकर लात से प्रहार कर कहा–'तुमसे तो पत्थर भी अच्छा है।' इस प्रकार तिरस्कार पूर्वक गला पकड़कर निकाल दिया। चौथे को तो पीछे मुख करके गदहे में बिठाकर सम्पूर्ण नगरी में घुमाने का आदेश दिया। एक ही प्रकार के अपराध का अलग–अलग दण्ड कुमार मंत्री ने इन्हें कैसे दिया, इस प्रकार सभी सभासद आश्चर्य से युक्त हो गये। उनके हृदयगत भावों को जानकर 'चारों चोरों का क्या हुआ' इस बात का ज्ञात कराने के लिए राजा ने गुप्तचर को भेजा।

गया हुआ वह गुप्तचर एक प्रहर में आकर राजा से कहता है–महाराज, पहले चोर को कोमल शब्दों से उपालम्भ दिये जाने पर घर जाकर थोड़े से भी उपालम्भ को नहीं सहता हुआ जीभ को दांतों से पीसकर मृत्यु को प्राप्त कर लिया। कठोर शब्दों से तिरस्कृत दूसरा चोर "मैं कभी भी मुंह नहीं दिखाऊंगा" ऐसा कहकर विदेश चला गया।

जो तीसरा चोर सभा के मध्य में मारा गया, वह घर से निकलना नहीं चाहता और चौथा चोर जो गदहे पर चढ़ाकर और नगर भ्रमण के लिए आदिष्ट था वह तो गदहे के ऊपर पीछे मुंह करके बैठा हुआ नगर में घुमाया जाता हुआ अनेक प्रकार के अपमान युक्त नगर के लोगों से निन्दित होता हुआ, निर्लज्ज अपने घर के समीप आने पर उस कोलाहल को देखने के लिए आई हुई अपनी पत्नी को कहता है–अब मैं शेष बचे हुए दो मार्ग (गली) में घूमकर शीघ्र आ रहा हूं, अतः तुम पानी शीघ्र गरम करो–इस प्रकार गुप्तचर द्वारा कहे गए वृत्तान्त को सुनकर सभी कुमार मंत्री के बुद्धि की प्रशंसा करते हैं।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

**कठिन शब्दों के अर्थ**

जारिसो——जैसा
नायग——जानने वाले
कोट्टवालेण——कोतवाल के द्वारा
पुरओ——आगे
दाहीअ——दिया
भद्दओ——भद्र, सज्जन
वोत्तूण——बोलकर
आहूय——बुलाया गया
परुस——कठोर
मसीए——स्याही
लिंपसु——लीप लो
लत्ताए——लात से
पाहाणो——पत्थर
अद्धचंदेण——गल–हस्त, गला पकड़कर बाहर करना
निक्कासिओ——निकाल दिया
भमाडिउं——घुमाने के लिए
आइट्ठो——आदेश दिया
अच्छरिअ——आश्चर्य
चरपुरिसो——गुप्तचर
पेसिओ——भेजा
मच्चुं——मश्त्यु
हिलिज्जमाणो——निन्दित होता हुआ तक्कोउहल्लदंसण–त्थागयनिअभज्जं उस कोतुहल को देखने के लिए आई हुई पत्नी को।
रच्छा——मुहल्ला
सिग्घं——शीघ्र
आगमिस्सं——आऊंगा
उण्हं——गरम
पसंसन्ति——प्रशंसा करते हैं।

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

(क) जैसा मनुष्य होता है उसकी ..... वैसी होती है।
(ख) पाटलिपुत्र नगर में ..... राजा था।
(ग) कुमार मंत्री ..... का निधान था।
(घ) कोतवाल ने ..... को उपस्थित किया।
(ङ) चौथा चोर ..... था।

**2. निबन्धात्मक प्रश्न**

1. प्रस्तुत पाठ के आधार पर चारों चोरों के मनः स्थिति का वर्णन कीजिए।
2. कुमार मंत्री की निपुणता पर अपना विचार लिखिए।
3. पाठ का सार सुन्दर ढंग से प्रस्तुत करें।

## 15. चोरिक्कविसए दुण्हं विउसाणं कहा

**कुडुंबपरिपोसत्थं चोरकम्मोज्जया बुहा।**
**परदुक्खं पि छिंदति बुहजुम्मं नियंसणं।।**

भोयनरिंदस्स अवंतिनयरीए देवसम्मो विण्हुसम्मो य नाम माहणा दुण्णि भायरा विउसवरा छद्दंसणणिउणो वेयवेयंगपारंगया संति। लच्छी–सरस्सईणं एगत्थठाणाभावाओ ते विउसा अईव निद्धणा संति। ताणं भज्जाओ वि पइभत्तिपरा सुसीलाओ आसि।

एगया भोयणाभावेण दुहिया ते भज्जाओ निय नियप्पियं कहेइरेकृ"चउसट्ठिकलासु तुम्हे चोरियकलं जाणेह न वा, अओ चोरिक्कं काऊणं पि कओ धणं आणएह।"

एवं सोच्चा ते धणपत्तीए अन्नुवायं अलहमाणा किंपि चिंतिऊण भोयनरिंदमंदिरे रत्तीए चोरियं काउं गया। रायपासाए पच्छण्णं पवेसिआ।

तत्थ सुवण्ण–रयय–मणि–माणिक्क–पवालरासिं पासित्ता 'एयाणं हरणमईव पावं' ति सत्थे कहियं, एवं वियारं किच्चा धन्नागारेसु गच्चा सालीणं दुपोट्टलिगं बंधिऊण मत्थाएसु ठविऊण जया निग्गया, तया भोयनरिंदो महारिहसयणेसु सुत्तो अत्थि। पल्लंगसमीवंमि एगो मक्कडो हत्थे असिं घेत्तूण सावहाणो नरिंदं रक्खइ। ताहे पल्लंगुवरिं एगो सप्पो मंदं मंदं संचरमाणो निग्गओ। तस्स छाया नरिंदोवरिं पडिया, तं दट्ठूण पवंगमो सप्पबुद्धीए नरिंदं जया पहरिउं लग्गो, तया ते विउसा तारिसं असंजमसं दट्ठूण सिग्घयरं मक्कडं निग्गहिउं लग्गा। मक्कडो वि असिं घेत्तूण तेहिं सह जोद्धुं पउत्तो।

एवं हलबोले जाए जग्गिओ नरिंदो माहणं पुच्छइ–'के तुम्हें? कत्तो आगमणं?' ते सच्चं कहिंति–"अम्हे चोरिक्कत्थं एत्थ समागया, तुण्हं गच्छंतो अम्हे एणं कविं सप्पभमेण असिणा तुमम्मि पहरमाणं पासिऊण रक्खणत्थं अणेण सह जुद्धं किच्चा तुम्हे रक्खिओ।"

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

निवेण पुच्छिय–'किं अवहरियं?' तेहिं वुत्तं–सालीणं पोट्टलगा भरिया, जओकृ'सुवण्णाइदव्वहरणे महापावं' अत्थि, तओ भोयणत्थं सालिधण्णं चिय अवहरियं।

तओ नरिंदो चिंतेइ–"मुरुक्खो मक्कडो अत्थि, अणेण अप्पणो रक्खा किल अप्पवहाइ होइ। जइ चोरिक्कत्थं एए पंडिआ मम मंदिरे न आगच्छंता, तया हं एएण कविणा अवस्सं हओ होंतो। अओ एए विउसा सक्कारारिहा चेव।" तओ विउसे कहेइ–'तुम्हाणं जं इट्ठं, तं मग्गेह।' एवं कहित्ता बहुधणं ताणं दाविऊण विसज्जिआ। पच्छा नरिंदेण मक्कडाओ अप्परक्खणं चत्तं ति। एवं विउसा चोरिक्कं कुणंता वि परवाहं चयंति।

उवएसो–

**सोच्चा विउससिट्ठाण चरियं जणबोहगं।**
**सया हिए पयट्टेज्जा संतोसं माणसे धरे।।**

## 15. चोरी के विषय में दो विद्वानों की कथा

परिवार के पोषण के लिए चोर कर्म में उद्यत विद्वान दूसरों के दुःख को भी दूर करते हैं, इस प्रकार दो विद्वानों का दृष्टान्त है।

भोजराजा के अवन्ती नगरी में देवशर्मा और विष्णुशर्मा नाम के दो श्रेष्ठ विद्वान् ब्राह्मण भाई छः दर्शन में निपुण और वेद और वेदांग में पारंगत थे। लक्ष्मी और सरस्वती का एक स्थान पर अभाव होने के कारण वे विद्वान् अति निर्धन थे। उनकी पत्नियां भी पतिभक्ति में तत्पर और सुशील थीं।

एकबार भोजन के अभाव के कारण दुःखी उनकी पत्नियां अपने–अपने पतियों से कहती हैं–चौसठ कलाओं में कुशल तुम चोरी की कला जानते हो अथवा नहीं, इसलिए चोरी करके भी कहीं से धन लाओ।

ऐसा सुनकर वे धनप्राप्ति के उपाय को न मिलने पर कुछ सोचकर भोजराजा के भवन में रात्रि में चोरी करने के लिए गये। राजप्रासाद में गुप्तरूप से प्रवेश किया।

वहां सोने–चांदी–रत्न–मणि, माणिक्य, प्रवाल समूह को देखकर–इनका (इन चीजों) हरण करना अधिक पाप है ऐसा शास्त्र में कहा गया है, ऐसा विचार कर धान्यागार में जाकर चावलों के दो पोटली बांधकर माथे पर रखकर जब निकले, तब भोजराजा बहुमूल्य बिछोने पर सोया हुआ था। पलंग के निकट एक बन्दर हाथ में तलवार लेकर सावधानीपूर्वक राजा की रक्षा कर रहा था। तब पलंग के ऊपर एक सर्प धीरे–धीरे चलता हुआ निकला। उसकी छाया राजा के ऊपर पडी, उसे देखकर बन्दर सर्पबुद्धि से राजा को जब प्रहार करने लगा, तब वे विद्वान् उस प्रकार के असमंजस देखकर शीघ्र ही बन्दर का निग्रह करने लगे। बन्दर भी तलवार लेकर उनके साथ युद्ध करने लगा।

इस प्रकार कोलाहल होने पर राजा जाग गया और ब्राह्मण से पूछा–तुम कौन हो? कहां से आये हो? वे सत्य कहते हैं–हम चोरी के लिए यहां आये थे, चुप होकर जाते हुए हम इस बन्दर को सर्प के भ्रम से तलवार से तुम्हारे ऊपर प्रहार करते हुए देखकर रक्षा के लिए इसके साथ युद्ध करके तुम्हारी रक्षा की।

राजा ने पूछा–क्या चुराया? उन्होंने कहा–चावलों की पोटलियां भरी, क्योंकि सुवर्णादि द्रव्यों के हरण में महापाप है, अतः भोजन के लिए धान (चावल) ही चुराये हैं।

तब राजा सोचता है–बन्दर मूर्ख है, इसके द्वारा अपनी रक्षा करवाना निश्चित ही स्वयं के वध के लिए है। यदि चोरी के लिए ये पंडित मेरे भवन में नहीं आते तो मैं इस बन्दर के द्वारा अवश्य मार दिया गया होता। अतः ये विद्वान् सत्कार के योग्य हैं। तब विद्वानों से कहता है–तुम्हारे लिए जो इष्ट हो वह मांगो। ऐसा कहकर उन्हें बहुत धन देकर विदा किया। बाद में राजा ने आत्मरक्षा के लिए रखे बन्दर को छोड़ दिया। विद्वान् चोरी करते हुए भी दूसरों की बाधा को दूर करते हैं।

उपदेश–

जनबोधक विद्वानों के श्रेष्ठ चरित्र को सुनकर, सदा हित में प्रवृत्त होकर, मन में सन्तोष को धारण करो।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

**कठिन शब्दों के अर्थ**

दुण्हं——दो
जुम्मं——युग्म, दो, जोड़ा
नियंसणं——निदर्शन, दश्ष्टान्त
छद्दंसणणिउणो——छान्दस् में निपुण
वेयवेयंगपारंगया——वेद–वेदांग में पारंगत
निद्धणा——निर्धन
धणपत्तीए——धन–प्राप्ति के
अलहमाणा——प्राप्त नहीं करते हुए
पच्छण्णं——गुप्त
दुपोट्टलिगं——दो पोटली
मक्कडो——बन्दर
पवंगमो——बन्दर
हलबोले——कोलाहल होने पर
जग्गिओ——जाग गया
अवस्सं——अवश्य
हओ——हत
सक्कारारिहा——सत्कार के योग्य हैं
चत्तं——छोड़ दिया
पयट्टेज्जा——प्रवश्त्त होओ
माणसे——मन में
धरे——धारण कीजिए।

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

(क) बुधजन दूसरों के ..... को काटते हैं।
(ख) दोनों विद्वान् ..... निपुण थे।
(ग) ब्रह्मणों की पत्नियां ..... थीं।
(घ) राजा की रक्षा ..... कर रहा था।
(ङ) दोनों ब्राह्मण राजा के घर ..... के लिए गये थे।

**2. निबन्धात्मक प्रश्न**

1. विद्वानों को कैसा होना चाहिए अपना मन्तव्य प्रस्तुत कीजिए।
2. प्रस्तुत पाठ के आधार पर राजा का चरित्र–चित्रण कीजिए।
3. पाठ का सारांश अपनी भाषा–शैली में प्रस्तुत करें।

## 16. वसुदेवस्स गिहच्चाओ

अहमवि जोव्वणस्स उदये नवनवेहिं तुरग–झय–णेवत्थेहिं विसामि निज्जामि उज्जाणसिरिमणुभविऊण नागरजणेण विम्हयवियसियणयणेण पसंसिज्जमाणो रूवमोहियजुवइयण– दिट्ठिपहकराणुबज्झमाणो।

अण्णत्ता य मं जेट्ठो गुरु सद्दावेऊण भणइकुमा कुमार! दिवसं भमाहि बाहिरओ, धूसरमुहच्छायो दीससि, अच्छसु गिहे। मा ते कलाओ अहुणा गहियाओ सिढिलियाओ होहिंति। ततो मया एवं करिस्स ति पडिस्सुयं।

